| तापमान | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 22.0° | 31.0° |
| इंदौर | 22.0° | 31.0° |
| जबलपुर | 23.0° | 33.0° |
| ग्वालियर | 25.0° | 33.0° |
| सागर | 24.0° | 31.0° |

# नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपाल: वर्ष 41 अंक 292, पृष्ठ 12)
भाद्रपक्ष, शुक्ल नवमी संवत् 2083
रविवार, 20 सितम्बर 2026
कीमत: 3:00 रुपये

www.naidunialive.com | भोपाल संस्करण | भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित




**राजधानी...** समाज के कल्याण और सही दिशा का मार्ग दिखाते ...


**खेल...** एशियन गेम्स 2026: 310 नए चेहरे देंगे चुनौती, 17 खिलाड़ी ...


**व्यापार...** कर्नाटक में दूध 8 रुपए महंगा करने की मांग, ...


**देश-विदेश...** सौ फीसदी टैरिफ वाले रूस- ईरान प्रतिबंध बिल पर...


## खास-खबरें

### दिल्ली एयरपोर्ट का तीसरा रनवे कल से

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** दिल्ली एयरपोर्ट का तीसरा रनवे 11आर/29एल रविवार से परिचालन में आ जाएगा। इसे इसी वर्ष फरवरी में पुनर्वास कार्य के लिए बंद किया गया था। करीब सात महीने बाद रनवे को दोबारा शुरू किया जा रहा है। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के अनुसार, रनवे शुरू करने से पहले सभी आवश्यक निरीक्षण, सत्यापन और नियामकीय मंजूरियां पूरी कर ली गई हैं। रनवे पर रैपिड एग्जिट टैक्सीवे बनाया गया है। इसके जरिए विमान लैंडिंग के बाद गति कम होते ही मुख्य रनवे से बाहर निकल सकेंगे। इससे रनवे जल्दी खाली होगा और अगले विमान के उतरने या उड़ान भरने के लिए कम समय में उपलब्ध हो सकेगा।

### नौसेना अकादमी से बांग्लादेशी गिरफ्तार

**नईदुनिया ब्यूरो, तिरुवनंतपुरम:** केरल की एझिमाला नौसेना अकादमी में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भारतीय नागरिक बनकर काम कर रहे 32 वर्षीय बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान बिप्लब सोरेन के रूप में हुई है। वह अकादमी के लॉन्ड्री विभाग में अनुबंध कर्मचारी के तौर पर करीब एक वर्ष से काम कर रहा था। नौसेना अधिकारियों ने शुक्रवार रात करीब 8:15 बजे आरोपी से पूछताछ की। दस्तावेजों की जांच के बाद उसे पुलिस को सौंप दिया गया। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी भारत में बिना वैध दस्तावेजों के रह रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आगरा से लीक हुआ था महाराष्ट्र टीईटी प्रश्नपत्र

**नईदुनिया ब्यूरो, ठाणे:** महाराष्ट्र शिक्षक पात्रता परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले में पुलिस ने खुलासा किया है कि प्रश्नपत्र उत्तर प्रदेश के आगरा की छपाई प्रेस से लीक हुआ था। ठाणे पुलिस ने भिवंडी की स्थानीय अदालत में दाखिल आरोपपत्र में बताया कि आरोपियों ने प्रश्नपत्र को जूते के तलवे में छिपाकर प्रेस से बाहर निकाला था। इसके लिए उन्हें आठ हजार रुपये दिए गए थे और आगरा में जमीन देने का वादा किया गया था। पुलिस ने मामले में मास्टरमाइंड बिजेंद्र गुप्ता समेत 18 लोगों को आरोपी बनाया है। इनमें 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि अशोक साव और प्रकाश मिसाल फरार हैं। 28 जून को होने वाली परीक्षा से एक दिन पहले प्रश्नपत्र लीक होने के बाद परीक्षा स्थगित कर दी गई थी। इसके बाद सरकार ने व्यवस्था दुरुस्त कर दी है।

प्रधानमंत्री ने 51 हजार से अधिक युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र

# विकसित भारत में युवाओं की बड़ी भूमिका: मोदी





**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 20वें रोजगार मेले में 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। उन्होंने नए नियुक्त कर्मचारियों को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि वे ऐसे समय में भारत सरकार से जुड़े हैं, जब देश 2047 तक विकसित भारत बनाने के बड़े लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। इस लक्ष्य को हासिल करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकारी सेवा में रहते हुए कर्मचारियों को ऐसे निर्णय लेने चाहिए, जो विकसित और आत्मनिर्भर भारत के अभियान को मजबूत करें। उन्होंने नियुक्ति पाने वाले युवाओं और उनके परिवारों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। अब स्टार्टअप केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं हैं। करीब आधे मान्यता प्राप्त स्टार्टअप टियर-2 और टियर-3 शहरों में हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि रोजगार मेला देश के 45 स्थानों पर आयोजित किया गया। नियुक्तियां केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में हुई हैं। इनमें राजस्व, रेल, गृह, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, वित्तीय सेवा और रक्षा मंत्रालय शामिल हैं। अब तक विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में करीब 12.75 लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र मिल चुके हैं।

### परमाणु ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने का काम तेज

प्रधानमंत्री ने शनिवार को कहा कि विकसित देशों का प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन भारत की तुलना में करीब छह गुना अधिक है। इसके बावजूद जलवायु परिवर्तन की जिम्मेदारी अक्सर विकासशील देशों पर डाल दी जाती है। उन्होंने कहा कि भारत का प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन वैश्विक औसत के आधे से भी कम है। नई दिल्ली में द फ्यूचर ऑफ एनवायरनमेंट एंड क्लाइमेट डायनेमिक्स अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत परमाणु ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने पर तेजी से काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण पर बड़े-बड़े भाषण देने वाले लोग परमाणु ऊर्जा का काम आगे बढ़ने पर इसे रोकने के लिए अदालतों का रुख करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने पेरिस कॉप-21 में किए गए जलवायु संबंधी वादों को पूरा किया है। भारत ने 2030 तक कार्बन उत्सर्जन की तीव्रता कम करने, बिजली क्षमता में गैर-जीवाश्म ऊर्जा की हिस्सेदारी बढ़ाने और पेड़-जंगलों के जरिए कार्बन डाइऑक्साइड सोखने की क्षमता बढ़ाने के लक्ष्य तय किए थे। 12 साल में भारत की सौर ऊर्जा क्षमता करीब दो गीगावाट से बढ़कर 160 गीगावाट से अधिक हो गई है।

# सपनों को पूरा करने में संसाधनों की कमी बाधा नहीं बनेगी: डॉ. यादव



**7400 मेधावी विद्यार्थियों को सीएम ने सौंपी स्कूटी की चाबी**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को सुभाष एक्सीलेंस स्कूल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के तहत प्रदेश के 7400 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी वितरित की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत और उपलब्धियों को सम्मानित करना परिवार, समाज और सरकार का दायित्व है। आर्थिक कठिनाइयों या संसाधनों की कमी के कारण किसी प्रतिभावान विद्यार्थी की प्रगति नहीं रुकनी चाहिए। सीएम ने कहा कि स्कूटी केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की प्रतिभा, परिश्रम और आत्मविश्वास का पुरस्कार है। योजना का लाभ उन विद्यार्थियों को दिया जाता है, जिन्होंने कक्षा 12वीं में प्रथम प्रयास में 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक हासिल कर अपने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सरकार विद्यार्थियों को निःशुल्क किताबें, गणवेश और साइकिल सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। बेटियों को शिक्षा और आगे बढ़ने के अवसर मिलने से परिवार और समाज दोनों सशक्त होते हैं। स्कूटी मिलने से मेधावी छात्राओं के लिए उच्च शिक्षा की राह भी आसान होगी। प्रदेश में शिक्षा के लिए बजट बढ़ाकर 38 हजार करोड़ रुपये किया गया है। राज्य में सांदीपनि विद्यालयों के माध्यम से आधुनिक सुविधाओं के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है। अब बोर्ड परीक्षाओं की मेरिट सूची में 50 प्रतिशत विद्यार्थी सांदीपनि और शासकीय विद्यालयों से आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनके भविष्य के लक्ष्यों के बारे में भी जाना। बच्चों ने चार्टर्ड अकाउंटेंट, चिकित्सक, अधिवक्ता, कृषि उद्यमी और सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनने की इच्छा जताई। विद्यार्थियों से बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

**मां बगलामुखी मंदिर दर्शन को आया था ओडिशा का परिवार**

# नाले में बही कार, परिवार के सात लोगों समेत 8 की मौत



**नईदुनिया ब्यूरो, आगर-मालवा:** प्रदेश के आगर-मालवा जिले के नलखेड़ा में मां बगलामुखी मंदिर के पास शनिवार तड़के बरसाती नाले में कार बहने से आठ लोगों की मौत हो गई। मृतकों में तीन बच्चे, दो महिलाएं और तीन पुरुष शामिल हैं। इनमें सात लोग ओडिशा के रहने वाले थे, जबकि कार चालक अरुण गोयल आगर-मालवा जिले के बड़ौद का निवासी था। सभी श्रद्धालु मां बगलामुखी मंदिर में दर्शन के लिए आए थे और उन्होंने उज्जैन से कार किराये पर ली थी।

मां बगलामुखी मंदिर आगर मालवा जिले के नलखेड़ा में लखुंदर नदी के किनारे स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है। यहां देशभर से श्रद्धालु पहुंचते हैं।

पुलिस के अनुसार हादसा रात करीब तीन बजे हुआ। शुरुआती जांच में मौत का कारण डूबना सामने आया है। नलखेड़ा में पिछले 24 घंटे में करीब 3.7 इंच बारिश हुई थी। तेज बारिश के कारण बरसाती नाले का जलस्तर बढ़ गया था। पानी के तेज बहाव में कार पुलिया से करीब 100 मीटर दूर बह गई। सुबह पानी उतरने के बाद कार की छत दिखाई दी। मृतकों में कार ड्राइवर अरूण गोयल, ज्ञानेंद्र कुमार बहेरा, रितारानी (पत्नी ज्ञानेंद्र बहेरा), कृष्णा राजवीर (पुत्र शिवप्रसाद बहेरा), शिवप्रसाद बहेरा, राधा रानी बहेरा, और वी साई बेहरा शामिल हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर शोक जताते हुए मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। ओडिशा सीएम मोहन चरण माझी ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताते हुए 5-5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया।

# पवन एक्सप्रेस ट्रेन में मोबाइल चला रही थी माँ, बच्ची खिड़की से गिरी



**नईदुनिया ब्यूरो, जबलपुर:** पवन एक्सप्रेस में मां के साथ सफर कर रही डेढ़ साल की बच्ची चलती ट्रेन से नीचे गिर गई। घटना 15 सितंबर को कटनी-जबलपुर के बीच हुई। ट्रेन कटनी स्टेशन से निकलने के बाद करीब 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी। मुजफ्फरपुर निवासी 26 वर्षीय संजीदा खातून अपनी बेटी के साथ मुजफ्फरपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनल मुंबई जा रही थीं। वह नीचे की बर्थ पर बच्ची को सुलाकर मोबाइल देख रही थीं। इसी दौरान बच्ची उठकर इमरजेंसी खिड़की की रॉड पकड़कर खड़ी हो गई। ट्रेन के झटके से वह खिड़की से बाहर गिर गई। बच्ची करीब आठ फीट नीचे गिट्टियों पर जा गिरी। बच्ची के गायब होने पर मां घबरा गईं। यात्रियों ने उसके बाहर गिरने की आशंका जताई और तत्काल चेन खींच दी। इसके बाद यात्री ट्रैक पर पहुंचे और बच्ची को उठाकर ट्रेन में लाए। बच्ची के सिर, पीठ और हाथ-पैर में चोट लगी थी। जबलपुर स्टेशन पहुंचने पर रेलवे सुरक्षा बल और वाणिज्यिक विभाग की टीम ने बच्ची को जिला अस्पताल पहुंचाया।

### डीयू छात्रसंघ चुनाव में एबीवीपी की जीत

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने तीन पदों पर जीत दर्ज की। यश डबास अध्यक्ष, रिया छावड़ी सचिव और लक्ष्यराज सिंह संयुक्त सचिव निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष पद पर निर्दलीय उम्मीदवार दीपांशु शौकीन ने जीत हासिल की। उन्हें 30 हजार से अधिक वोट मिले। पिछले 17 वर्षों में पहली बार डीयू छात्रसंघ के केंद्रीय पैनल में किसी निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत दर्ज की है। इससे पहले 2009 में निर्दलीय मनोज चौधरी और 1991 में निर्दलीय राजीव गोस्वामी अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। एनएसयूआई को इस चुनाव में किसी पद पर जीत नहीं मिली।

### लड्डू प्रसाद मिलावट में फूड्स प्रमोटर गिरफ्तार

**नईदुनिया ब्यूरो, तिरुपति:** तिरुपति मंदिर के लड्डू प्रसाद में इस्तेमाल होने वाले घी में कथित मिलावट के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार देर शाम सुकृति फूड्स के प्रमोटर कैलाश चंद मंगला को गिरफ्तार किया। ईडी के अनुसार, असली घी के नाम पर कथित तौर पर मिलावटी घी की आपूर्ति की गई थी। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम को एगमार्क स्पेशल ग्रेड काउ घी के नाम पर रिफाइंड पाम ऑयल, पाम कर्नेल ऑयल, पामोलिन और एसीटिक एसिड एस्टर से तैयार घी सप्लाई किया गया। 2019 से 2024 के बीच टीटीडी को करीब 230 करोड़ रुपये का घी दिया गया, जिसमें करीब 96 करोड़ रुपये का कथित मिलावटी घी मंगला ने तैयार किया था।

# घरेलू विवाद में पत्नी और तीन बच्चों की हत्या

**आरोपी पति पुलिस हिरासत में, वारदात के बाद मौके पर बैठा रहा**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, दमोह:** दमोह जिले के मगरोन थाना क्षेत्र के कबीरपुर गांव में शनिवार सुबह एक ही परिवार के चार सदस्यों की हत्या का मामला सामने आया। पुलिस के अनुसार आरोपी द्वारका पटेल ने पत्नी खेमाबाई (27) और तीन बच्चों उर्मिला (7), उमेश (4) तथा राजा (1) पर कुल्हाड़ी से हमला किया। घटना में चारों की मौत हो गई। सूचना मिलने पर मगरोन थाना पुलिस और पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पति-पत्नी के बीच करीब एक वर्ष से विवाद चल रहा था। पत्नी की ओर से मगरोन थाने में घरेलू हिंसा का मामला भी दर्ज कराया गया था। शुक्रवार को भी दोनों के बीच विवाद हुआ था, जिसके बाद मृतका के मायके पक्ष के लोग आरोपी को समझाने पहुंचे थे।

रात में पत्नी और बच्चे सो गए थे। सुबह करीब साढ़े चार बजे घटना हुई। पुलिस ने घटनास्थल से संबंधित साक्ष्य जुटाने के लिए सागर से फोरेंसिक टीम बुलाने की बात कही है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। मृतका के पिता बाबूलाल पटेल ने कहा कि आरोपी शराब पीकर उनकी बेटी के साथ मारपीट करता था।

### 20 साल में 38 ट्रिलियन डॉलर हो सकती है जीडीपी: डोभाल

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर अगले 20 वर्षों का अनुमान बताया है।
आईआईटी रुड़की के दीक्षांत समारोह में छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है और मौजूदा 4.015 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी अगले 20 वर्षों में बढ़कर 38 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकती है। डोभाल ने कहा कि छात्र ऐसे समय में रह रहे हैं, जब उनके भविष्य में व्यापक संभावनाएं हैं।

# बस और कार की भीषण भिड़ंत, चार की मौत



**पेट्रोल पंप से निकल रही कार को तेज रफ्तार बस ने मारी टक्कर**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सागर:** सागर जिले के बहेरिया थाना क्षेत्र में गढ़ाकोटा रोड पर चनाटोरिया के पास शनिवार को यात्री बस और कार की भीषण भिड़ंत में चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में बंडा निवासी एसी-कूलर कारोबारी प्रशांत जैन और कृषि उपकरण कारोबारी निर्मल उर्फ मुन्ना जैन शामिल हैं। कार सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। कार हरियाणा पंजीयन की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार बहेरिया स्थित पेट्रोल पंप से ईंधन भरवाकर मुख्य मार्ग पर पहुंची थी। इसी दौरान जबलपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार बस ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बाद बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा घुसी। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। मृतक प्रशांत जैन (46 वर्ष) बंडा निवासी एसी और कूलर इलेक्ट्रॉनिक का काम करते थे। उनके परिवार में एक बेटा और एक बेटी हैं। मृतक निर्मल उर्फ मुन्ना जैन (62 वर्ष) रामपुरा वार्ड निवासी कृषि उपकरणों का व्यापार करते थे। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी हैं। बेटा-बेटी दोनों डॉक्टर हैं। मृतक विकास (43 वर्ष) पिता जगदीश कुमार, निवासी हरियाणा। चौथा मृतक हरियाणा का है जिसकी शिनाख्त की जा रही है।

# नकल करते पकड़े जाने के बाद आईआईटी छात्र ने आत्महत्या की

**नईदुनिया ब्यूरो, मुंबई:** आईआईटी बॉम्बे में शुक्रवार शाम दूसरे वर्ष के छात्र साहिल वाकोडे ने छात्रावास के कमरे में आत्महत्या कर ली। साहिल महाराष्ट्र के यवतमाल का रहने वाला था और ऊर्जा विज्ञान एवं इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था। घटना से कुछ घंटे पहले उसे परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन इस्तेमाल करते पकड़ा गया था। संस्थान के अनुसार, साहिल ने प्रश्नपत्र की तस्वीर चैटजीपीटी पर अपलोड कर नकल करने का प्रयास किया था। परीक्षा शाम चार बजे समाप्त होने के बाद वह छात्रावास लौट गया। संस्थान ने बताया कि उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। मध्य सेमेस्टर परीक्षाएं स्थगित कर दी गईं। सात महीनों में परिसर में छात्र की मौत का यह तीसरा मामला है।

**कूटनीति** — रूस-चीन समेत गैर-नाटो देशों के सैन्य अड्डों पर रोक, ग्रीनलैंड के स्वतंत्र होने पर भी लागू रहेगा समझौता...

# ग्रीनलैंड में अमेरिकी सैन्य मौजूदगी बढ़ाने पर समझौता



**वॉशिंगटन, एजेंसी:** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका, डेनमार्क और ग्रीनलैंड के बीच ग्रीनलैंड की सुरक्षा को लेकर समझौता हुआ है। इसके तहत ग्रीनलैंड में अमेरिकी सैन्य मौजूदगी बढ़ाई जाएगी और गैर-नाटो देशों को वहां सैन्य अड्डे बनाने से रोका जाएगा। समझौते के तहत संवेदनशील विदेशी निवेश के लिए भी अमेरिका की मंजूरी आवश्यक होगी। डेनमार्क और ग्रीनलैंड ने कहा है कि समझौते से ग्रीनलैंड की संप्रभुता प्रभावित नहीं होगी। ग्रीनलैंड फिलहाल डेनमार्क के अधीन स्वशासित क्षेत्र है। समझौते की पूरी जानकारी अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। इसे संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान अमेरिका, डेनमार्क और ग्रीनलैंड के प्रतिनिधियों द्वारा हस्ताक्षर किए जाने की योजना है। इसके लागू होने के लिए डेनमार्क और ग्रीनलैंड की संसदों की मंजूरी आवश्यक होगी। ट्रंप के अनुसार, अमेरिका ग्रीनलैंड में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ाने की योजना पर तुरंत काम शुरू करेगा। ग्रीनलैंड में अमेरिका का सैन्य अड्डा पहले से मौजूद है। अमेरिका को 1951 के रक्षा समझौते के तहत वहां सैन्य गतिविधियों और ठिकानों के संचालन की व्यापक अनुमति मिली हुई है। नए समझौते में अमेरिकी सेना को स्थायी पहुंच, सैन्य अड्डों के इस्तेमाल और हवाई क्षेत्र से गुजरने के अधिकार जारी रहने की बात कही गई है। समझौते में रूस और चीन जैसे गैर-नाटो देशों की सैन्य मौजूदगी रोकने का प्रावधान शामिल है। गैर-नाटो देशों के संवेदनशील निवेश पर भी प्रतिबंध रहेगा। यह व्यवस्था ग्रीनलैंड के भविष्य में स्वतंत्र होने की स्थिति में भी लागू रहने की बात कही गई है। हालांकि, अमेरिकी सैन्य मौजूदगी कितनी बढ़ेगी और नए सैन्य ठिकाने बनाए जाएंगे या नहीं, इसकी जानकारी अभी स्पष्ट नहीं है। ग्रीनलैंड लंबे समय से अधिक स्वायत्तता और स्वतंत्रता की मांग करता रहा है। जनवरी में ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर अमेरिकी नियंत्रण की जरूरत बताते हुए इसे अमेरिका के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बताया था। इसके बाद अमेरिका और डेनमार्क के बीच तनाव बढ़ा था। नए समझौते में ग्रीनलैंड की संप्रभुता बरकरार रखने के साथ अमेरिका की सुरक्षा संबंधी चिंताओं को शामिल किया गया है।